# मन में देने का भाव बनाए रखेगा खुशी- न्यायमूर्ति गौड़





नई दिल्ली-लोधी रोड- दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ब्र.कु.पीयूष, दिल्ली उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश सुनील गौड़, ब्र.कु.मृत्युंजय,शांतिवन, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी.ईश्वरैया, करोल बाग सेवा केन्द्र की निदेशिका ब्र.कु.पुष्पा,ब्र.कु.गिरिजा तथा अन्य।

**नई दिल्ली-लोधी रोड-** आज मानव की सोच बहुत संकीर्ण हो गई है जिसकी परिणिति मन में सदैव तनाव, चिंता और भय के रूप में हो रही है। हम सदैव दूसरों को कुछ न कुछ दें, दूसरों की भावनाओं को समझें, उन्हें अपना समझें तो अवश्य ही हमारा जीवन खुशियों से भरपूर हो जायेगा।

उक्त उद्गार दिल्ली उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश सुनील गौड़ ने लोधी रोड स्थित श्री सत्य साई इंटरनैशनल सभागार में ब्रह्माकुमारीज़ के लोधी रोड सेवा केन्द्र के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में, गेल इंडिया लि. एवं इन्द्रप्रस्थ गैस लि., के सहयोग से आयोजित ''निरंतर खुशी'' विषयक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हमारे विचार निर्माणात्मक हों, जीवन में हर दिन कुछ नया करने का सोचें, सभी को साथ लेकर चलें, अपने कर्तव्य का पालन पूरी लगन और निष्ठा से करें तो ज़रूर प्रसन्नता हमारी संगिनी बन जाएगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्र.कु.मृत्युंजय,शांतिवन ने कहा कि अशांति का कारण भौतिकता एवं इच्छाएं हैं। कम बोलें, धीरे बोलें व माया को विदाई दें। खुशी जैसी खुराक नहीं, खुशी जैसी दवाई नहीं व खुशी जैसी शक्ति नहीं। प्रेम और ज्ञान का प्रकाश हो तो क्रोध नहीं आता है। खुशी गायब होने का कारण है कि अपने आप को आत्मा हैं, यह भूल जाते हैं, अपना धर्म भूल जाते हैं। अहिंसा परमोधर्म है यह भी भूल जाते हैं। आज हम न्यूक्लियर युग में हैं लेकिन हमारी सोच न्यू (नवीन) और क्लियर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हा राव एक बार आबू आये थे और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा था कि भारत सरकार चरित्र निर्माण का कार्य नहीं कर पा रही है लेकिन ब्रह्माकुमारी संस्था इस कार्य को बखूबी कर रही है। हमारे दिन की शुरुआत परमात्म चिंतन और स्वचिंतन से हो, सारे दिन निष्ठा पूर्वक अपना कार्य करें, दूसरों की भावनाओं की कद्र करें तो हमारा जीवन खुशियों से भरपूर हो जाएगा।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी.ईश्वरैया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सच्चाई-सफाई से कार्य करें, हमें स्वयं को बदलना है दूसरों को नहीं। मुस्कुराहट किसी बाज़ार में नहीं बिकती और ना ही मांगने से कोई मुझे प्रसन्नता दे सकता है। इसके लिए तो मुझे ही स्वयं को सक्षम बनाना होगा, आत्मा दीप जगाना होगा, सबको अपना बनाना होगा और गुणों को देखना होगा।

कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में ब.कु.डासविता आनंद,आई.एफ.एस., प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान सरकार ने कहा कि जागृति और परिवर्तन से ही हम आगे बढ़ सकते हैं और जीवन में सदैव खुश रह सकते हैं।

ब्रह्माकुमारीज़ करोल बाग सेवा केन्द्र की निदेशिका ब्र.कु.पुष्पा ने कहा कि सभी व्यक्ति जीवन में खुशी चाहते हैं, इसलिए ही खुशी सबसे बड़ी खुराक कही जाती है। हम जो कुछ भी करते हैं खुशी के लिए ही करते हैं। पर हमें यह पता नहीं है कि खुशी मिलेगी कैसे? उन्होंने आगे कहा कि आज हम अपने को भूल गये हैं परमात्मा को भूल गये है। मन को ऐसा शक्तिशाली बनायें कि कोई भी बात मुझे दु:ख-कष्ट न पहुंचा सके। परमात्मा पिता का कहना है कि अच्छे कर्मों ,एवं पुण्य कर्मों से ही मुस्कुराहट मिल सकती है।

संस्था के लोधी रोड केन्द्र की संचालिका ब्र.कु.गिरिजा ने सभी का शब्दों द्वारा स्वागत किया एवं ब्र.कु.पीयूष ने कुशल मंच संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सेवाकेन्द्र के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में केक काटा गया एवं सामूहिक राजयोग का अभ्यास कराया गया। डॉ. पी.के.आनंद ,आई.ए.एस., अपर सचिव,भारत सरकार, जे.के.दादू, आई.ए.एस., संयुक्त सचिव,भारत सरकार, जी.डी.अग्रवाल,उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, कानून मंत्रालय,भारत सरकार,आर.पी .तुलानी, आईटीएटी सदस्य, डॉ. देवेन्द्र सभ्रवाल,समूहअध्यक्ष,जीवन अस्पताल,एस.के.विज,पूर्व सदस्य,रेलवे बोर्ड, शिव गणेश,उप महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग,भारत सरकार, एस.पी. सेठ, नामीग्रामी उद्योगपति, डॉ.सी.एच.मूर्ति, पूर्व वाइस प्रेज़ीडेन्ट, आई.बी.एम. इंडिया एवं विभिन्न पब्लिक/ प्रायवेट कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भी विशेष रूप से भाग लिया।




कोचीन। 'द फ्यूचर ऑफ पॉवर' कार्यक्रम के अन्तर्गत मंच पर द टाइम्स ऑफ इंडिया के रेसिडेन्ट एडिटर मनोज के.दास, रियलाइंस केरला सर्कल हेड वी.गोपाकुमार, जॉर्ज पुलिकुथयिल, ब्र.कु.निर्मला, ब्र.कु.निज़ार जुमा सन एनर्जी एल.एल.सी. के निदेशक संजय सुंदरदास मेनन, नॉर्थ गेट अरिन्सन इन्फो पार्क के उप निदेशक नटराजन लक्ष्मणन, सांई संजीवनी चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. ए.हरी नारायणन, जनसेवा शिशु भवन के चेयरमैन जोश मवेली, डी.पी. वर्ल्ड के जी.एम. राजीव मेनन, क्वालिटी फूड्स की डायरेक्टर मर्विन हरकोविड्स, इंडियन काउंसिल फॉर गांधीयन स्टडीज़ के चेयरमैन डॉ.एन.राधाकृष्णन तथा अन्य।

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510
सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088, Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info

सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 170 रुपये, तीन वर्ष 510 रुपये, आजीवन 4000 रुपये । विदेश - 2000 रुपये (वार्षिक)
कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

RNI NO RAJHN/2000/721,POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/Posting at Shantivan-307510(Aburoad) Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2013-14, Posting on 12th TO 14th, 22nd TO 24th Each Month
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।